# आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा पहुँचे इंदौर के रंगबासा गाँव



स्टार समाचार | भोपाल

मध्यप्रदेश में वित्तीय समावेशन को नई गति भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों एवं राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों के सहयोग से 1 जुलाई से 30 सितंबर, 2025 तक देश व्यापी वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान चलाया जा रहा है ।इस अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री जन-धन योजना के खाता खोलने और सामाजिक सुरक्षा, योजनाओं के अंतर्गत नामांकन के साथ-साथ खातों का पुनः के वाईसी एक प्रमुख गतिविधि के रूप में शामिल है।इसमें नामांकन अद्यतनीकरण, और अदावी जमा राशि, डिजिटल धोखाधड़ी और शिकायत निवारण के बारे में जागरूकता फैलाने जैसे पहलुओं को भी शामिल किया गया है।

इस पहल के तहत, मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के रंगवासा ग्राम पंचायत में एक संतृप्ति शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक के माननीय गवर्नर संजय मल्होत्रा उपस्थित रहे। अन्य गणमान्य व्यक्तियों में भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष सी. एस. शेट्टी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक महेंद्र दोहरे, बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक सुब्रत कुमार, आरबीआई भोपाल की क्षेत्रीय निदेशक सुश्री रेखा चंदनावेली, इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह एवं रंगवासा सरपंच श्रीमति ममतेश चौहान तथा बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित हुये । इस शिविर में भारी बारिश के बाबजूद भी लगभग 1000 ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्राम पंचायत में मौजूद प्रमुख बैंकों द्वारा वित्तीय समावेशन योजनाओं के तहत नामांकन एवं पुनः केवाईसी का लाइव अपडेट करने के लिए स्टॉल लगाए गए। इसके अतिरिक्त, शिविर में आरबीआई, वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) और स्वयं सहायता समूहों भी स्टॉल लगाए गए। गवर्नर द्वारा स्टॉल का दौराकिया गया एवं सीएफएल कर्मचारियों एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्यों से बातचीत की।